## नए साल पर मैहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम: 300 पुलिस कर्मी तैनात, ड्रोन से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी

सतना/मैहर।

नव वर्ष 2026 के आगमन पर सुप्रसिद्ध मां शारदा देवी धाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मैहर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य दर्शनार्थियों को सुरक्षित और सुगम दर्शन उपलब्ध कराना है। मैहर के रक्षित निरीक्षक निपेंद्र सिंह के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए 300 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसमें आरक्षक से लेकर डीएसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। स्थानीय बल के साथ-साथ सतना,सीधी,रीवा और बालाघाट मंडलों से भी अतिरिक्त पुलिस टुकड़ियों को बुलाया गया है।



### तकनीक से निगरानी और यातायात प्रबंधन

भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन कैमरों के जरिए पूरे मेला क्षेत्र और मंदिर परिसर की हवाई निगरानी की जाएगी। लगभग 250 से 300 सीसीटीवी कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए तीन विशेष पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त बल तैनात कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया गया है।

### प्रशासनिक निर्देश और सख्ती

पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह,एडिशनल एसपी चंचल नागर और सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दर्शनार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हुड़दंगियों पर लगाम नशे में वाहन चलाने वालों और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वीआईपी दर्शन बंद

अत्यधिक भीड़ को देखते हुए वीआईपी दर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे ताकि आम श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। माता के पट सुबह 3 बजे खुलेंगे और भीड़ अधिक होने पर देर रात तक दर्शन जारी रहेंगे। श्रद्धालु सीढ़ियों के अलावा ओमनी वैन का भी उपयोग कर सकेंगे। मैहर पुलिस ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि सभी नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।प्रशासन की मुस्तैदी का उद्देश्य यही है कि नए साल की शुरुआत सभी के लिए मंगलमय और शांतिपूर्ण हो।

## खबर संक्षेप

### सतना स्मार्ट सिटी: तालाबों और पार्कों से राजस्व जुटाने की तैयारी

**सतना।** कलेक्टर एवं चेयरमैन डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में सतना स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आय बढ़ाने के मॉडल्स पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि संतोषी माता तालाब में फूड कोर्ट,वोटिंग और किड्स प्ले एरिया जैसी गतिविधियां शुरू की जाएंगी। इसके अतिरिक्त,गहरा नाला के फुट ओवर ब्रिज पर विज्ञापन के जरिए राजस्व जुटाने और शासकीय महाविद्यालय से अनुमति मिलने पर लाडली लक्ष्मी पार्क के रखरखाव के लिए नया प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में लेक नेक्टर की प्रीमियम राशि जमा न होने पर अनुबंध के अनुसार कड़ी कार्यवाही करने की बात भी कही गई। इस अवसर पर निगमायुक्त शेर सिंह मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण आहार और प्रबंधन की होगी कड़ी निगरानी

**सतना।** कलेक्टर मैहर ने जिला पोषण समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे क्षेत्र भ्रमण के दौरान अनिवार्य रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने जोर दिया कि बच्चों को सुबह गर्म नाश्ता और दोपहर में मीनू के अनुसार पका हुआ भोजन मिलना ही चाहिए। जिले में कुपोषण दूर करने के लिए 17 विभागों की एक संयुक्त समिति बनाई गई है। वर्तमान में मैहर जिले के 112 केंद्रों को 'सक्षम आंगनवाड़ी' (आदर्श केंद्र) के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां बिजली, स्वच्छ जल और पोषण वाटिका जैसी सुविधाएं होंगी। केंद्रों की गतिविधियों की निगरानी 'पोषण ट्रेकर ऐप' के माध्यम से की जा रही है। कलेक्टर ने साफ-सफाई और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

### नवनिर्मित बस स्टैंड से बसों का संचालन जल्द शुरू करने के आदेश

**सतना।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से बसों का संचालन शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त,आरटीओ और यातायात पुलिस को बस एसोसिएशन के साथ समन्वय बनाकर रूट निर्धारित करने को कहा है। 11 दिसंबर को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के निर्णयों के अनुपालन में यह कदम उठाया गया है। आईएसबीटी के शुरू होने से शहर के अंदर यातायात का दबाव कम होगा और यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी।कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि तय किए गए रूटों के अनुसार ही बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

### स्वरोजगार ऋण वितरण में तेजी लाने के निर्देश

**मैहर।** कलेक्टर रानी बाटड ने समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत बैंकों द्वारा स्वीकृत सभी प्रकरणों में दो दिनों के भीतर ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए नाराजगी जताई कि कई विभाग 'सी' और 'डी' श्रेणी में हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक समय से लंबित 4,387 शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके साथ ही,आयुष्मान कार्ड और जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्यों की समीक्षा की गई। मैहर, अमरपाटन और रामनगर में लंबित जाति प्रमाण पत्रों को 10 जनवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है।बैठक में जल संरक्षण के लिए 'जल स्वावलंबी ग्राम' के रूप में चयनित गांवों (अजमाईन, ककलपुर, इटमा) में कार्य शुरू करने और आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।



## नकली 'फूड ऑफिसर' बनकर वसूली करने वाला गिरोह धराया

**सतना।** जैतवारा पुलिस ने व्यापारियों को डरा-धमकाकर पैसे वसूलने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। ये आरोपी नकली फूड अधिकारी बनकर मिठाई दुकानों पर छापेमारी का नाटक करते थे और जेल भेजने या जान से मारने की धमकी देकर वसूली करते थे। बीते 30 दिसंबर को आरोपी काले रंग की स्कार्पियो से जैतवारा पहुंचे और मिठाई दुकानदारों को खराब माल के नाम पर धमकाया। शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार पाण्डेय की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। अंचल मिश्रा 26 वर्ष,बिरसिंहपुर संदीप शुक्ला 22 वर्ष, बिरसिंहपुर रामभाई अग्निहोत्री 24 वर्ष,बिरसिंहपुर है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक काले रंग की स्कार्पियो कीमत 15 लाख एक गोप्रो कैमरा मोबाइल फोन जप्त किया है। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय सतना में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## शादी का झांसा देकर अस्मत से खिलवाड़ करने वाला अधेड़ गिरफ्तार, सलाखों के पीछे पहुँचा 'धोखेबाज' आशिक

सतना।

शादी का सब्जबाग दिखाकर महिला की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले एक शातिर आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है। खुद को कानून की पकड़ से दूर रखने की हर मुमकिन कोशिश करने वाला यह आरोपी अब जेल की कालकोठरी में अपने किए की सजा भुगतेगा।

### क्या है पूरा मामला?

मामला विश्वास और धोखे की उस कहानी का है,जहाँ 49 वर्षीय आरोपी रामकिंकर सोनी निवासी गोपालगंज,सागर ने एक महिला को अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी फरवरी 2025 से ही पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जैसे ही पीड़िता ने सामाजिक लोक-लाज और अपने भविष्य के लिए शादी का दबाव बनाया, आरोपी का असली चेहरा सामने आ गया। उसने न केवल शादी से साफ इंकार कर दिया,बल्कि पीड़िता को मुँह बंद रखने के लिए धमकाना भी शुरू कर दिया।

### पुलिस की सक्रियता और गिरफ्तारी

22 दिसंबर को जब पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर सिटी कोतवाली में आपबीती सुनाई,तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी रामकिंकर सोनी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और पुलिस को छकाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी की टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। बुधवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक बेबी तरन्नुम,सायवर सेल के उपनिरीक्षक अजीत सिंह,महिला आरक्षक कमला मिश्रा,आरक्षक वेदनारायण बागरी और लवकुश द्विवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## ज्ञान विहार विद्यापीठ में 11वां वार्षिकोत्सव 'हर्ष' का भव्य आयोजन





मैहर।

महर्षि सांदीपनि शिक्षण एवं सामाजिक कल्याण समिति द्वारा संचालित,सीबीएसई से मान्यता प्राप्त ज्ञान विहार विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार,30 दिसंबर 2025 को 11वां वार्षिकोत्सव 'हर्ष' अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान गणेश के पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलन से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि मैहर के लोकप्रिय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम,गणेश वंदना, सरस्वती वंदना और भजनों से हुई। इसके पश्चात नन्हे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों,ग्रुप स्वागत नृत्य और राजस्थानी फोक डांस ने समां बांध दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी,गुजराती, कश्मीरी, असमिया, हरियाणवी फोक डांस तथा पंजाबी भांगड़ा ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत किया। विद्यालय संचालक मनोज रजक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और शैक्षणिक उपलब्धियों व गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सफल विद्यार्थियों और अतिथियों का शाल,चुनरी एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया।सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने विद्यालय की निरंतर प्रगति की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का चित्रकूट और मैहर प्रवास

**सतना।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 1 जनवरी 2026 को सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वे सुबह 11:30 बजे चित्रकूट पहुंचेंगे,जहां भगवान कामतानाथ के दर्शन-पूजन करेंगे और कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा करेंगे। चित्रकूट में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद,वे दोपहर 3 बजे मैहर के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 5 बजे उपमुख्यमंत्री मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। अपने एक दिवसीय प्रवास के अंत में,श्री शुक्ल रात्रि 9:20 बजे मैहर रेलवे स्टेशन से रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## धारकुंडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध धर्मांतरण मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

सतना।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में धारकुंडी पुलिस ने अवैध धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग के संदेह में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ग्राम कठाहा निवासी पंकज पाठक की शिकायत पर की गई है। पुलिस ने लालमन चौधरी उर्फ अब्दुल रहमान,विजय भारती उर्फ मोहम्मद उमर और दीनानाथ चौधरी उर्फ अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया है। जांच में मुख्य आरोपी लालमन चौधरी के बैंक खाते में बाहर से 8-9 लाख आने की पुष्टि हुई है,जिसका उपयोग मस्जिद निर्माण में किया गया। आरोपी व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए भी बाहरी संपर्कों में था। पुलिस ने मस्जिद से धार्मिक किताबें,बैनर,मोबाइल फोन और अन्य सामग्री बरामद की है। न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



## वार्ड 37 में 40 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन, महापौर ने दी सौगात

सतना।

नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 37 में विकास कार्यों को गति देने के लिए आज महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने 40 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। यह कार्य पार्षद निधि से स्वीकृत किए गए हैं। 20.95 लाख की लागत से जल निकासी और आवागमन सुधारा जाएगा। 19.17 लाख की लागत से नई सड़कों का निर्माण होगा। इन कार्यों से वार्डवासियों को जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और अधोसंरचना मजबूत होगी।कार्यक्रम में नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी,निर्माण अध्यक्ष गोपी गेलनी,पार्षद श्रीमती प्रवीण आशुतोष सिंह,वरिष्ठ समाजसेवी भगवान दास रामनानी और ददोली पांडेय सहित कई वार्डवासी मौजूद रहे।



## कांग्रेस सेवा दल का सिविल अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान एवं मरीजों को फल वितरण



मैहर।

जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा आज सेवा साप्ताह के अवसर पर सिविल अस्पताल मैहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनके स्वस्थ होने की शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के संदेश को जनमानस के बीच रखा। इस सेवा कार्यक्रम की अगुवाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई एवं जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के नेतृत्व में की गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल वार्डों में पहुँचकर मरीजों से हाल-चाल जाना,उन्हें फल एवं आवश्यक सामग्री वितरित की,साथ ही उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।नेतृत्वकर्ताओं ने कहा कि सेवा ही संगठन की पहचान है,और कांग्रेस सेवा दल निरंतर सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में तत्पर है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से सभी ने अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया तथा नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

## अत्याचार पीड़ितों को 1 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता स्वीकृत

**मैहर।** जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 108 हित ग्राहियों के लिए 1 करोड़ 1 लाख 25 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में संपन्न जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक में बताया गया कि अब तक 58 हितग्राहियों को 48.25 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिले में कोई भी क्षेत्र 'अत्याचार की आशंका वाला' नहीं है। एक विशिष्ट मामले में हत्या पीड़ित के परिवार को 8.25 लाख रुपये की राहत के साथ-साथ मासिक निर्वाह भत्ता और स्वरोजगार के साधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपखण्ड स्तर पर भी नियमित बैठकें आयोजित की जाएं और जनवरी माह में थाना स्तर पर जन जागरूकता शिविर लगाए जाएं।

# टेलीग्राम पर रिव्यू व क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट टास्क के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 3 आरोपियों को दिल्ली एवं उप्र से किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों द्वारा पवई थाना क्षेत्र मे फरियादी के साथ टेलीग्राम के माध्यम से इन्वेस्टमेंट एवं ऑनलाइन रिव्यू टास्क के नाम पर 4,98,480/ राशि की की गई थी सायबर ठगी**

पन्ना पुलिस द्वारा पवई थाना क्षेत्र मे फरियादी के साथ टेलीग्राम के माध्यम से इन्वेस्टमेंट एवं ऑनलाइन रिव्यू टास्क के नाम पर की गई साइबर ठगी के अपराध क्रमांक 394/25, धारा 318(04) भारतीय न्याय संहिता (ठछै) के अंतर्गत प्रकरण मे 03 आरोपियों का गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।



पवई। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों द्वारा एक सुनियोजित, संगठित एवं अंतर्राज्यीय साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। सबसे पहले फरियादी के मोबाइल नंबर को "भ्वउम म्तदमत" नामक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया, जहाँ फाइव-स्टार होटल के गूगल मैप रिव्यू करने पर 200 प्रति रिव्यू देने का लालच दिया गया। प्रारंभिक चरण में कुछ रिव्यू टास्क पूरे कराने के बाद वास्तविक भुगतान कर फरियादी का विश्वास अर्जित किया गया। इसके पश्चात "डाटा टास्क/क्रिप्टो ट्रेडिंग" के नाम पर धीरे-धीरे बढ़ती हुई राशि जमा करवाई गई। आरोपियों द्वारा फर्जी क्रिप्टो वेबसाइट पर लॉगिन कराकर कृत्रिम रूप से प्रॉफिट दर्शाया गया तथा कुछ राशि फरियादी के खाते में वापस भी डाली गई, जिससे पूरा सिस्टम वास्तविक प्रतीत हो। इसी मनोवैज्ञानिक जाल में फँसाकर फरियादी से विभिन्न यूपीआई आईडी एवं बैंक खातों के माध्यम से लगातार धनराशि ट्रांसफर करवाई जाती रही। बाद में जानबूझकर टास्क में गलती होना बताकर फाइनल टास्क एवं रिपुटेशन पॉइंट बढ़ाने जैसे बहानों से बार-बार बड़ी धनराशि की मांग की गई। टेलीग्राम ग्रुप में अन्य सदस्यों के फर्जी प्रॉफिट के स्क्रीनशॉट साझा कर फरियादी पर मानसिक दबाव बनाया गया। इस प्रकार लालच, विश्वास एवं भय का प्रयोग कर आरोपियों द्वारा फरियादी से कुल 4,98,480/-की राशि ठगी गई। मामले की गंभीरता एवं साइबर अपराध की अंतर्राज्यीय प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई भावना दांगी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी पवई के नेतृत्व में सायबर सेल टीम पन्ना को सम्मिलित करते हुए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा बैंक खातों, यूपीआई आईडी, मोबाइल नंबर, टेलीग्राम अकाउंट एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन का गहन तकनीकी विश्लेषण किया गया। सायबर सेल की तकनीकी विवेचना के आधार पर 4-5 आरोपियों की पहचान की गई, जिनमें से पूर्व में एक आरोपी को महोबा (उत्तरप्रदेश), एक आरोपी को लखनऊ (उत्तरप्रदेश) से गिरफ्तार किया गाय था। उक्त प्रकरण मे आज दिनांक 31.12.25 को एक अन्य आरोपी पंकज उर्फ राजेश मेहता को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है जिसके द्वारा बताया गया की मै एक अन्य साथी के साथ टेलीग्राम के माध्यम से जुड़ा हुआ हू। जिसके साथ मिलकर इस तरह के फ्रॉड को करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 56 हजार रुपये नगदी जप्त कर मामले के आरोपियों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। प्रकरण में यह भी सामने आया है कि मामले का मुख्य सरगना वर्तमान में फरार है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उसके विरुद्ध तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है तथा शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। साथ ही ठगी की राशि की रिकवरी एवं अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश की कार्यवाही सतत रूप से जारी है।

**जप्त सामग्री-**

आरोपियों के कब्जे से 56 हजार रुपये नगदी एवं 03 मोबाइल फोन कीतमी करीब 55 हजार रुपये के जप्त किये गये।

**नाम पता आरोपी-**

रितिक साहनी पिता गणेश साहनी उम्र 25 साल निवासी सिसहनिया नोगढ़ जिला सिद्धार्थ नगर उ.प्र.।, सिद्धांत श्रीवास्तव पिता सुशील श्रीवास्तव उम्र 22 साल निवासी किदवई नगर थाना कबरई जिला महोबा उ.प्र.।, पंकज उर्फ राजेश मेहता पिता सुन्दरलाल मेहता निवासी मोहन गार्डन उत्तमनगर वेस्ट दिल्ली।

**सरानीय योगदान-**

उक्त संपर्ण कार्य़वाही मे थाना प्रभारी पवई निरी. त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, सउनि आनन्द मोहन दुवे, प्र.आर. रामलखन, आर. विकास सिंह, महेश चौहान, राहुल अहिरवार एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### नगर परिषद में पदस्थ प्रमोद गुप्ता हुए सेवानिवृत्त



**अमानगंज।** नगर परिषद अमानगंज में पदस्थ श्री प्रमोद गुप्ता आज अपने सेवा कार्यकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर नगर परिषद कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया तथा आगामी जीवन हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अमानगंज की अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटिक ने श्री गुप्ता को सफल कार्यकाल की बधाई देते हुए कहा कि "वे कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं अपने दायित्वों के प्रति समर्पित कर्मचारी रहे हैं। नगर परिषद परिवार उनके योगदान को सदैव स्मरण रखेगा।" साथ ही कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (ब्डव्) भी उपस्थित रहे, जिन्होंने मिष्ठान खिलाकर श्री प्रमोद गुप्ता को सम्मानित किया और उनके द्वारा निभाए गए दायित्वों एवं कार्यों की सराहना की। अध्यक्ष एवं सीएमओ सहित समस्त कर्मचारियों ने श्री गुप्ता के उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ एवं सुखद जीवन की शुभकामनाएँ दीं।

### शुक्रवार को चलेगा नगर परिषद का पीला पंजा



**पन्ना** जिले का सुंदर कस्बा अमानगंज इन दिनों अतिक्रमण की चपेट में देखा जा रहा है जिससे नगर की शोभा तो धूमल हो रही है साथी जाम की स्थिति लगातार निर्मित होती है जिस पर कार्यवाही करने नगर परिषद अमानगंज द्वारा कमर कस ली है नगर अमानगंज में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर शुक्रवार को " नगर परिषद द्वारा पीला पंजा" यानी जेसीबी मशीन बुल्डोजर चलाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई को लेकर नगर परिषद पूरी तरह तैयार है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आज बुधवार को दोपहर 1 बजे अमानगंज पुरानी बस स्टैंड पहुंचकर मौके पर स्वयं उपस्थित रहकर अतिक्रमित स्थलों को चिन्हित कराया। एवं नई बस स्टैंड से लेकर साप्ताहिक बाजार वाली जगह तक सड़क के दोनों और लगेगा तीन शैडो को हटाने के लिए चुना डाला गया है साथी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने की बात कही गई है इस दौरान दुकानदारों और कब्जाधारियों को दो दिन का समय दिया गया है, ताकि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि तय समय सीमा के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित दुकानदारों की होगी। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई नगर को सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। नगर परिषद की अपील है कि सभी लोग सहयोग करें और तय समय में स्वयं अतिक्रमण हटाकर अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**अमानगंज।** अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक आज दिनांक 31 दिसंबर 2025 दिन बुधवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश्वर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें अस्पताल प्रबंधन व्यवस्थाओं को लेकर नाना प्रकार के प्रस्ताव जन कल्याण में पारित किया। जिसमें सबसे पहले समिति की दुकानों का किराया बढ़ाये जाने पर चर्चा हुई। तत्पश्चात जिला चिकित्सालय से प्रत्येक दिन प्रथक-प्रथक विशेष चिकित्सकों की सेवा हर दिन सप्ताह में एक बार अस्पताल में लेने की बात की गई और प्रस्ताव पास किया गया। पीएम हाउस के नवनिर्माण पर चर्चा उपरांत नए वित्तीय बजट में इसे बनाए जाने की बात की गई। इसके बाद शव रखने के लिए फ्रीजर लेने हेतु डीएम पन्ना को आवश्यक पत्र समिति की ओर से दिए जाने की बात पास की गई। इसके बाद शव वाहन हेतु जेके कंपनी की ओर आवश्यक पत्र लिखकर यह शव वाहन सहयोग से लेने की बात की गई।अस्पताल में मरीजों के लिए मीठे पानी की व्यवस्था हेतु दो पानी की टंकी लेने पर सहमति बनी। इसके बाद अस्पताल परिसर में खड़े किए जा रहे वाहनों की पार्किंग व्यवस्था हेतु उसका वित्तीय ठेका दिये जाने पर सहमति बनी। अस्पताल परिसर के अंदर बने अनुपयोगी कुआं को तोड़ने की सहमति बनी । बैठक में तय हुआ कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो यदि ड्रेसर के पद रिक्त हैं तो अपनी ओर से एक ड्रेसर की पद स्थापना। बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम गुनोर अनिल तलैया, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जयपाल अहिरवार, कनिष्ठ अभियंता, समिति के सदस्य प्रशांत छिरोलिया, चंद्रशेखर मिश्रा, लेखपाल दीपेश रिछारिया और रामशरण तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अजयपाल स्टेडियम से अजयपाल किले के समुचित विकास के संबंध में उठी आवाज़



पन्ना। नगर की जय स्तंभ चौक स्थित अजयपाल स्टेडियम में अजयगढ़ क्षेत्र विकास संघ द्वारा अजयगढ़ नगर में स्थित अजयपाल किले के संरक्षण एवं विकास के संबंध में आवाज उठाई गई इस अवसर पर अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक की राम पाठक सलाहकार मंडल के सदस्य रामेश्वर प्रसाद खरे डॉक्टर रमाशंकर द्विवेदी रामचंद्र द्विवेदी कमलेश मिश्रा अनवर खान आशीष जड़यिा रामस्वरूप गुप्ता महेंद्र मिश्रा मोहम्मद महबूब पूर्व शिक्षक गोपाल स्वरूप तिवारी इंद्रपाल शुक्ला कैलाश द्विवेदी सुरेश गुप्ता लखन लाल यादव केपी मिश्रा मदन कुमार दुबे रवि विश्वकर्मा सहित कई क्षेत्रीय समाजसेवियों ने प्रशासन से अजय पाल की प्रसिद्ध किले के तालाबों की साफ सफाई गहरीकरण घाट निर्माण किले की सुरक्षा दीवारों की मरम्मत भूतेश्वर गुफा में आने-जाने के लिए रास्ता निर्माण रंग महलों की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई अजयगढ़ क्षेत्र विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक ने इस अवसर पर मांग किया कि शासन प्रशासन को पन्ना जिले के इकलौती किले के संरक्षण एवं विकास के संबंध में ध्यान देना चाहिए पुरातत्व विभाग को भी कलात्मक रंग महलों की मरम्मत करना चाहिए तथा किले के अंदर जितने भी प्राचीन धार्मिक स्थल हैं उनका संरक्षण और मरम्मत होना अत्यंत आवश्यक वरना कुछ दिनों में अजय पाल किले की प्राचीन ऐतिहासिक स्थल नष्ट हो जाएंगे अजय पाल जिला हजारों साल पुराना किला है भारतवर्ष की प्रमुख किलों में से एक रहा है चंदेल राजाओं की शक्ति का एक प्रमुख केंद्र रहा है स्वतंत्रता के बाद किस किले का संरक्षण न होने से यहां पर प्राचीन कलात्मक मूर्ति शिल्प से भरपूर रंग महल दिनों दिन नष्ट हो रहे हैं किले की सुरक्षा दी वाले कई जगह पर गिर गई है उन्होंने शासन प्रशासन से इस प्राचीन ऐतिहासिक स्थल की सुरक्षा एवं संरक्षण की मांग की है।



**पत्रकारों पर पुलिसिया मारपीट के विरोध में वॉइस ऑफ मीडिया का ज्ञापन**

# दोषी पुलिस कर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की

**मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी पवई के नाम सोपा ज्ञापन जिलाध्यक्ष राकेश पाठक की अगुवाई मे सौंपा ज्ञापन**

पवई। मध्यप्रदेश के आष्टा में कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ पुलिस द्वारा की गई। अभद्र व्यवहार के विरोध में वॉइस ऑफ मीडिया संगठन के पत्रकारों ने जिलाध्यक्ष राकेश पाठक की अगुवाई मे मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) पवई, जिला पन्ना के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बीते दिवस आष्टा में एक समाचार चौनल के पत्रकार प्रमोद शर्मा एवं कैमरामैन रजत दुबे के साथ पुलिस द्वारा कवरेज के दौरान मारपीट व अभद्रता की गई, जो कि मीडिया की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। इस घटना से न केवल पत्रकार समाज आहत है, बल्कि निष्पक्ष पत्रकारिता पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है। वॉइस ऑफ मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने एक स्वर में इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए मांग की कि दोषी पुलिस कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और प्रदेश भर के पत्रकार निर्भीक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। इस अवसर पर वॉइस ऑफ मीडिया के अनेक पत्रकार उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अजित जैन, संतोष जैन, राकेश पाठक जिलाध्यक्ष , संदीप खरे, अभिषेक अग्रवाल, , मनोज जायसवाल, अजित बड़ोलिया, सी.पी. सिंह,अनूप शुक्ला , प्रदीप मिश्रा, सतीश पटेल विनय सिंह सहित वॉइस ऑफ मीडिया टीम पवई के सभी सदस्य शामिल रहे। पत्रकारों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो पत्रकार समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# उप सचिव ने आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्र सहित विभिन्न संस्थाओं का किया निरीक्षण

**अजयगढ़ में आजीविका दीदियों से किया संवाद ग्राम पंचायत द्वारा संधारित 13 पंजियों को निरंतर अद्यतन करने व आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में कार्य करने के महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए**



**पन्ना।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की उप सचिव एवं आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी डॉ. जीविशा जोशी गंगोपाध्याय ने बुधवार को अजयगढ़ ब्लॉक अंतर्गत आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्र सहित कई शासकीय संस्थाओं व विकास कार्यों का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं व गतिविधियों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उप सचिव द्वारा अजयगढ़ के आजीविका मिशन कार्यालय में ग्रामीण परामर्श केन्द्र का अवलोकन किया गया। इसके माध्यम से एक स्थान पर मिलने वाली कई सेवाओं जैसे कौशल विकास, उत्पाद विक्रय व विस्तार, जैविक संस्थान केन्द्र सहित कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता एवं उद्यमिता विकास, कृषि व पशुपालन तथा सामाजिक उत्थान की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। केन्द्र में सेवा प्रदाता महिलाओं से चर्चा की। यहां रुंज महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के एफपीओ कार्यालय का निरीक्षण कर दाल प्रोसेसिंग एवं पैकिंग इकाई का अवलोकन किया। दाल के विक्रय और जैविक उत्पादों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। महिलाओं ने आजीविका गतिविधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रभारी अधिकारी ने लखपति दीदियों से संवाद कर कठिनाईयों तथा आगामी कार्ययोजना के बारे में भी पूछा। उन्होंने ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नेटवर्क सुदृढ़ करने की सलाह दी। समूह की महिलाओं द्वारा बैंक लोन की सहायता से रोजगारपरक गतिविधियों के संचालन व आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों के बारे में अवगत कराया गया। हस्तनिर्मित उत्पादों की जानकारी भी दी गई। हनुमतपुर निवासी लखपति दीदी गीता कुशवाहा ने गत 10 वर्ष से समूह से जुड़कर परिवार की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में आए परिवर्तन के बारे में बताते हुए कहा कि बकरी पालन गतिविधि से आजीविका की राह चुनी और बाद में आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि सखी के रूप में कार्य किया तथा समूह की मदद से अपने पति को टेंट हाउस का व्यवसाय भी शुरू करवाया। साथ ही महिला अधिकार केन्द्र के सफलतापूर्वक संचालन की जानकारी भी दी। प्रतापपुर की गुलाब स्वसहायत समूह से जुड़ी दीदी ने भी अपने अनुभव साझा किए। उप सचिव डॉ. गंगोपाध्याय ने सफल आजीविका गतिविधियों के लिए महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वसहायता समूहों को सीसीएल की द्वितीय लिंक की राशि 45 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया।

**एनआरसी में उपचाररत बच्चों की माताओं से किया संवाद--** उप सचिव डॉ. गंगोपाध्याय ने अजयगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र अजयगढ़ का निरीक्षण भी किया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की जानकारी लेकर विभिन्न कक्षों और वार्डों का भ्रमण कर स्टॉफ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मरीज के परिजनों से भी चर्चा कर सुविधाओं व सेवाओं के बारे में पूछा। पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपचाररत कुपोषित बच्चों की माताओं से संवाद कर यहां मिलने वाली सुविधाओं और फॉलोअप आहार सहित बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अजयगढ़ के मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की गतिविधियों का जायजा भी लिया और गांव-गांव तक किसानों को मिलने वाली सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए।

**शहरी आंगनबाड़ी केन्द्र में समक्ष में कराया बच्ची का वजन-** उप सचिव ने नगर परिषद अजयगढ़ के वार्ड क्रमांक 3 स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण कर बच्चों की नियमित उपस्थिति की जानकारी ली। बच्चों से संवाद कर केंद्र की सेवाओं व भोजन व्यवस्था के बारे में पूछा। बालिका भूमिका रैकवार का समक्ष में वजन कराया। इस दौरान गर्भवती एवं धात्री माताओं से केन्द्र की सेवा संबंधी जानकारी प्राप्त कर व्यवस्था में निरंतर सुधार लाने व अन्य सुधारात्मक प्रयास के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को हितग्राहियों से सतत संपर्क के जरिए अपेक्षित सुधार के लिए निर्देशित किया गया।



**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में टीबी मरीजों को पोषण आहार का वितरण**

# हर टीवी मरीज हो स्वस्थ यही है हमारा लक्ष्य डॉ.अभिषेक जैन




पन्ना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवेंद्र नगर में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोग से पीड़ित मरीजों को दिनांक 31 दिसंबर 2025 को पोषण आहार का वितरण किया गया यह कार्यक्रम बीएमओ डॉ. अभिषेक जैन एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जेके सीमेंट अमानगंज द्वारा प्रदाय किए गए पोषण आहार किट टीबी मरीजों को वितरित की गईं इस पहल का उद्देश्य टीबी मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराना उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना तथा उपचार को प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर श्री दिनेश सिंह लैब सुपरवाइजर श्री अमरेश कुमार शर्मा लैब टेक्नीशियन श्री रोहित एवं आशा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई पोषण आहार प्राप्त करने वाले टीबी मरीजों के नाम इस प्रकार हैं। शोबेंद्र सिंह यादव पूनम गौड़ चाहना गौड़ गुलाबीया गोंड बिहारी गोंड छोटू गोंड रिंकू गोंड तुलसा बाई गोंड नाथूलाल चौधरी श्याम सुंदर साहू, आकांक्षा कुशवाहा मुन्नी बाई चौधरी सुरजीत चौधरी जिम्मा आदिवासी नरेश वर्मा सुंदरिया वर्मा बंशीलाल चौधरी, चाहना चौधरी नरेंद्र कुशवाहा, राहुल नामदेव रामा आदिवासी राधा चौधरी चंद्रकाली आदिवासी, वंदना रजक रमेश कुशवाहा एवं नाथू चौधरी कार्यक्रम के दौरान बीएमओ डॉ. अभिषेक जैन ने मरीजों को संबोधित करते हुए बताया कि टीबी के इलाज में दवाइयों के साथ-साथ पोषण आहार की अहम भूमिका होती है। सभी मरीज नियमित रूप से दवा का सेवन करें पौष्टिक भोजन लें और चिकित्सकीय सलाह का पालन करें, तभी रोग से पूर्ण रूप से मुक्ति संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि सामूहिक प्रयासों से देवेंद्र नगर एवं पन्ना जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल मरीजों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि टीबी उन्मूलन अभियान को भी मजबूती मिलती है।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदपाल सिंह लोधी के सम्मान में भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**अजयगढ़।** दिनांक 31 दिसंबर 2025 को विकासखंड अजयगढ़ में सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदपाल सिंह लोधी के सम्मान में विदाई एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अपने सेवाकाल के दौरान नंदपाल सिंह लोधी ने शिक्षा विभाग में अनुशासन, समर्पण एवं मार्गदर्शन की एक सशक्त मिसाल प्रस्तुत की। उनके कुशल नेतृत्व और अनुभव से शिक्षक समुदाय को निरंतर सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। उपस्थित शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सर का मार्गदर्शन उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा है और सेवानिवृत्ति के पश्चात भी वे समय-समय पर शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान करते रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लेकर समारोह को और भी गरिमामय बना दिया। विदाई समारोह में नगर परिषद के अध्यक्ष सीता सरोज गुप्ता, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र द्विवेदी, धर्मदास लंबरदार पर जिला पंचायत सदस्य, गिरधारी लोधीजी, अरविंद कुजूर प्राध्यापक, गुनौर बीईओ रामकुमार प्रजापति, भगवान दास रजक वर्तमान बीईओ अजयगढ़, पूर्व प्रचार्य आरके अहिरवार, चन्द्रषेखर सिंह लोधी, विजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सहित जिले भर से शिक्षा विभाग के शिक्षक गण उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप

### कोटा हत्याकांड में 10 लोगों पर मामला दर्ज

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोटा में दो दिन पहले पुरानी जमीनी रंजिश के चलते हुई हत्या के मामले में राजनगर थाना में 10 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व घात लगाकर बैठे आरोपियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर 30 वर्षीय युवक संतोष पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस जघन्य वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है और उनकी धरपकड़ के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। मृतक के भाई रामदयाल पटेल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात जब संतोष और परिवार के अन्य सदस्य घर पर थे, तभी रणधीर सिंह परमार, बहादुर सिंह, नरेन्द्र सिंह, सत्यम सिंह, मेघनन्द पाल, अंजुल बुंदेला (लखरावन), गोल्डी, शिवराज सिंह, नाती राजा और सौरभ सहित अन्य लोग अवैध हथियारों और धारदार हथियारों से लैस होकर वहां पहुँचे। आरोपियों ने गाँव में दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग शुरू कर दी और फिर संतोष के पेट में गोली मार दी। घायल संतोष को तत्काल राजनगर स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के बजाय परिजन सीधे जिला अस्पताल लेकर आए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कलेक्टर ने स्तुति बाल गृह का किया निरीक्षण, व्यवस्थित संचालन को लेकर की प्रशंसा

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छतरपुर घुषयाना मोहल्ला स्थित म.प्र. शासन के महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित स्तुति बाल गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान डीपीओ महिला बाल विकास विभाग दिनेश दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने स्तुति बाल गृह में मनोरंजन कक्ष, रसोई, सभाकक्ष, भण्डार कक्ष, लाईब्रेरी रूम, कम्प्यूटर कक्ष, बीमार बालकों का कक्ष, शौचालय आदि कक्षों का निरीक्षण किया। जिसकी साफ सफाई एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर प्रशंसा व्यक्त की। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि बाल स्तुति गृह में 06 से 18 वर्ष तक के उन बालकों को संरक्षण दिया जाता है। जो किसी कारणवश परिवार से बिछड़ गए हों जिन्हें संरक्षण की आवश्यकता हो। कलेक्टर ने स्तुति बाल गृह का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्तुति बाल गृह में निवासरत बच्चों के पूर्व वृत्त, पुनर्वास, परिवार आदि की स्थिति की जानकारी ली। निवासरत बच्चों के आवश्यक जरूरी दस्तावेजों, व्यावसायिक प्रशिक्षण, शिक्षा, दैनिक गतिविधियों आदि की जानकारी प्राप्त की व बालकों से मुलाकात कर, बालकों की पढ़ाई, भोजन व्यवस्था आदि सुविधाओं के संबंध में बालकों चर्चा की। बालकों के पश्चातवर्ती योजना से जोड़े जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने सुरक्षात्मक चौकीदार, सर्दी में आवश्यक कंबल, डॉक्टर के माध्यम से स्वास्थ्य चैकअप कराए जाने के संबंध में विस्तृत रूप से अवलोकन किया। उन्होने बच्चों द्वारा निर्मित मूर्तियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और इन्हें स्टॉल आदि के माध्यम से विक्रय कराए जाने की बात कही। कलेक्टर ने बच्चों से बात की और उनसे विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए।

**कलेक्टर ने राजयश्री शिशु गृह का निरीक्षण कर दत्तक ग्रहण की जानकारी ली**

कलेक्टर ने छतरपुर शहर में जवाहर रोड स्थित जराजयश्री शिशु गृह का निरीक्षण किया। जिसमें राजयश्री शिशु गृह में निवासरत बच्चों के दत्तक ग्रहण, दत्तक हेतु विधिमुक्त की स्थिति, देश के भीतर व देश के बाहर दत्तक पर गए बच्चों की जानकारी प्राप्त की और दत्तकग्रहण की पूरी प्रक्रिया, शिशुओं के शिशु गृह में आने से लेकर दत्तक पर जाने तक की विस्तृत समीक्षा की। शिशुओं के लिए शिशु गृह में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

## किसानों को सुविधा : ई-टोकन प्रणाली 2026 से प्रदेश में लागू

# किसानों को ना लाईन की झंझट और ना अधिकारियों पर लगेंगे कालाबाजारी के आरोप

### ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किसान रकबे के हिसाब से घर बैठे खाद का ई-टोकन जारी कर सकेगा, जिसकी वैधता 3 दिन की रहेगी




**छतरपुर। किसानों की खाद की समस्या खत्म करने के लिए संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास मध्य प्रदेश शासन कृषि ने प्रदेश के साथ साथ छतरपुर जिले में भी एक नई व्यवस्था लागू की है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को एक जनवरी 2026 से ऑन लाइन, ऑफलाईन खाद मिल सकेगी। किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए ई-टोकन प्रणाली का सहारा लेना पड़ेगा और ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किसान घर बैठे अपने खेती के रकबे के हिसाब से टोकन प्राप्त कर सकेगा। जिस किसान को ई-टोकन प्रणाली से टोकन प्राप्त करने में परेशानी आ रही है उसके लिए मंडी में ऑनलाईन ई-टोकन प्रणाली की निः शुल्क व्यवस्था की जा रही है। यह व्यवस्था प्रदेश के साथ-साथ छतरपुर जिले में भी 1 जनवरी 2026 से लागू की जा रही है। ई-टोकन प्रणाली का ट्रायल बिदिशा, शाजापुर और जबलपुर में किया जा चुका है इसके उपरांत ही ई-टोकन प्रणाली को पूरे प्रदेश में लागू किया गया। जिसका लाभ लेने के लिए किसानों को बेसब्री से इंतजार है कि कब 1 जनवरी 2026 आये और बह घर बैठे ई-टोकन के माध्यम से खाद प्राप्त कर सके।**

### किसान कैसे प्राप्त कर सरेगा घर बैठे ई-टोकन -

इस नई प्रणाली के तहत ई-टोकन प्रणाली पर जैसे ही किसान आधार नंबर डालेगा, तो उसकी जमीन का पूरा रकबा खुलकर स्क्रीन पर आ जाएगा। यहां से किसान तय करेगा की कौन कौन सी खाद और किस स्थान पर या एजेंसी से निर्धारित रेट पर क्रय करना है। इस प्रणाली में यूरिया खाद का रेट 266 रूपए 50 पैसे प्रति बोरी आ जायेगा। और यह प्राइवेट डीलर, मार्कफेड गोदाम, एमपी एग्रो, बी-पैक्स समिति आदि से प्राप्त कर सकता है।

### खाद रैक का अपडेशन ई-टोकन प्रणाली पर देख सकेगा किसान -

इस नई व्यवस्था के तहत किसानों के लिए एक और सुविधा रहेगी कि किसान खाद की रैक आने पर उसकी अपडेशन ई-पोर्टल प्रणाली पर देख सकेगा। किसानों को इस बात की भलीभांति जानकारी रहेगी कि किस किस एजेंसी में कितनी खाद उपलब्ध है। जिससे किसान अपने रकबा के हिसाब से खाद प्राप्त कर सकते है। जिस किसान का रकबा ई-विकास प्रणाली में नही दिख रहा है, उसके लिए किसान को अपनी जमीन का रकबा राजस्व विभाग में या सम्बंधित पटवारी से संपर्क कर ऑनलाईन दर्ज कराना होगा।

### छतरपुर जिले में पिछले बर्ष की तुलना में वर्ष 2025 में आई अधिक यूरिया खाद कि रैक -

जिला विपणन अधिकारी अभिषेक जैन ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि गत बर्ष छतरपुर जिले में रबी फसल के सीजन पर 32 हजार मीट्रिक टन यूरिया खाद भेजी गई थी, लेकिन बर्ष 2025 में यूरिया खाद की मात्रा 6 हजार मीट्रिक टन अधिक हो गई और अभी तक 38 हजार मीट्रिक टन यूरिया खाद जिले में आ चुकी है। जिसमें से 8 हजार मीट्रिक टन के लगभग




प्राइवेट डीलरों को और 30 हजार मीट्रिक टन बी-पैक्स समितियों, मार्कफेड गोदाम, डबल लॉक को दी गई। अभी तक छतरपुर जिले में किसानों के लिए 38000 मेट्रिक टन यूरिया खाद का बितरण हो चुका है। आगामी वर्ष 2026 में यूरिया खाद की 2 रैक और आने की संभावना बताई जा रही है। जिसमें एक रैक 5-6 जनवरी 2026 तक और दूसरी रैक12-15 जनवरी 2026 तक आने की संभावना अधिकारियों ने जताई जा रही है।

### किसानों को ना लाइनों की झंझट और ना अधिकारियों पर कालाबाजारी के आरोप -

खाद को लेकर आये दिन किसानों को खेती किसानी का काम छोड़कर लाईन में लगना पड़ता था और परेशान भी होना पड़ता था। लेकिन ई-विकास टोकन प्रणाली से किसानों की सभी समस्या खाद को लेकर दूर हो जाएंगी। ना तो अब किसानों को चक्काजाम करने की जरूरत पड़ेगी और ना ही सुबह 4 बजे से मंडियों में लाईन लगाकर टोकन लेने की जरूरत पड़ेगी। इसके साथ ही व्यापारी खाद की कालाबाजारी नही कर पाएंगे। और ना ही अधिकारियों पर खाद की कालाबाजारी करवाने के आरोप लगेंगे। शासन द्वारा लागू की गई ई-विकास टोकन प्रणाली किसानों के लिए जहां बरदान साबित होगी, वहीं अधिकारियों को भी परेशानी से मुक्ती मिलेगी। ई-विकास टोकन प्रणाली का ट्रायल बिदिशा, शाजापुर और जबलपुर में किया जा चुका है। इसके उपरांत ही ई-विकास टोकन प्रणाली को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। जिसका लाभ लेने के लिए किसानों को बेसब्री से इंतजार है कि कब 1 जनवरी 2026 आये और किसान घर बैठे ई- टोकन खाद के लिए प्राप्त कर सके। किसान ई- टोकन प्राप्त करने के बाद सबंधित एजेंसी या डीलर या फिर बी-पैक्स समितियों में जाएगा और टोकन के अनुसार निर्धारित रेट पर खाद प्राप्त कर सकेगा। पहले किसान का टोकन क्युआर कोड पर स्कैन करेगा और उसके उपरांत पूरा विवरण देख कर किसान को खाद उपलब्ध कराएगा।

### अधिक वर्षा होने से गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष रबी सीजन कि फसल की बुआई का बढा रकबा -

कृषि विभाग छतरपुर द्वारा उपलब्ध जानकारी के अनुसार गत बर्षो की अपेक्षा इस बर्ष 55 प्रतिशत अधिक बारिश होना विभाग द्वारा बताया जा रहा। जिससे जिले में रबी फसल की बुआई का रकबा बढ गया। इस बर्ष गेंहू की बुआई सबसे अधिक की गई है। बर्ष 2024 में गेंहू 3 लाख 28 हजार 440 हेक्टेयर में बोया गया था जबकि बर्ष 2025 में 3 लाख 60 हजार हेक्टेयर में गेहूँ बोने की सभांवना है। बर्ष 2024 में जो 9 हजार हेक्टेयर में बोया गया था जबकि बर्ष 2025 में जो का रकबा घटकर 8 हजार हेक्टेयर हो गया। बर्ष 2024 में चना 44 हजार 389 हेक्टेयर मे बोया गया था और बर्ष 2025 में यह रकबा 40 हजार हेक्टेयर होने की संभावना है। बर्ष 2024 में मटर का रकबा 32 हजार 890 हेक्टेयर था और 2025 में यह रकबा 31 हजार 433 हेक्टेयर होने की संभावना है। इसी तरह बर्ष 2024 में मसूर 12 हजार 950 हेक्टेयर में बोई गई थी और बर्ष 2025 में 10 हजार 978 हेक्टेयर में बोने की संभावना है। बर्ष 2024 में सरसों की फसल 49 हजार 519 हेक्टेयर में बोई गई थी और 2025 में सरसों 47 हजार 192 हेक्टेयर में बोने की संभावना है। इसी तरह अलसी 2024 में कुल 1380 हेक्टेयर में बोई गई थी और वर्तमान 2025 में 1524 हेक्टेयर में बोने की संभावना है। इस प्रकार बर्ष 2024 में रबी फसल की बुआई का रकबा 4 लाख 79 हजार 200 हेक्टेयर था और बर्ष 2025 में यह रकबा बढकर 4 लाख 98 हजार 092 हेक्टेयर हो गया है। जिले में अधिक बारिश होने के चलते सबसे ज्यादा रखवा गेहूं का है।

## नौगांव वॉरियर्स ने खजांची स्पोर्टिंग को 6 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार जीता महाराजा छत्रसाल लोकल टूर्नमिंट का फाइनल मुकाबला

**2 जनवरी से प्रारंभ होगा अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट**

**नौगांव।**



नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में मेला महोत्सव के तहत 70वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में नौगांव वॉरियर्स और खजांची स्पोर्टिंग के मध्य रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें नौगांव वॉरियर्स की टीम ने पहले गेंद और फिर बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट ट्रॉफी पर कब्जा किया। मैच समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी और नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। जबकि कल 02 जनवरी से अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा, जिसमें देश की नामी एवं ख्याति प्राप्त टीमें भाग लेकर खेल का प्रदर्शन दिखाएगें, जिसका फाइनल मुकाबला 13 जनवरी को खेला जाएगा।

नगर पालिका द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के क्रीड़ा सभापति ज्योति अमित तिवारी ने बताया कि बुधवार को फाइनल मुकाबला नौगांव वॉरियर्स और खजांची स्पोर्टिंग के मध्य खेला खेला गया। जिसमें खजांची स्पोर्टिंग के कप्तान कलीम अंसारी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें कलीम अंसारी ने 33 गेंद पर 7 चौके एवं 2 छक्के की मदद से 50 रन, ऋतुराज ने 16 बॉल पर 3 चौके की मदद से 22 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 142 रन का स्कोर बनाया। नौगांव वॉरियर्स की ओर से चेतन राय ने 3 विकेट और प्रवेंद्र और चेतन ने 2 - 2 विकेट लिए। खजांची स्पॉटिंग का पहला विकेट 44 रन, दूसरा विकेट 81 रन, तीसरा विकेट 83 रन, चौथा विकेट 86, पांचवां 98, छठवां विकेट 110, सातवां 140 पर और आठवां विकेट 140 पर गिरा। जिसके चलते खजांची स्पोर्टिंग ने फाइनल मुकाबले में निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 142 रन का स्कोर बनाया और जीत के लिए नौगांव वॉरियर्स को 143 रन का लक्ष्य दिया। जबाब में जीत के इरादे से बल्लेबाजी करने उतरी नौगांव वॉरियर्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच को आसानी से जीत लिया। नौगांव वॉरियर्स के बल्लेबाज सूरज तिवारी ने 48 बॉल पर 5 चौके एवं 4 छक्कों की मदद से 74 रन, छोटू गौड़ 18 बॉल पर 3 चौके की मदद से 17 रन, कप्तान रोहित चौबे ने 13 बॉल पर 1 चौका और 1 छक्का की मदद से 20 रन बनाते हुए अपनी टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया और हर्षित भदौरिया ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। खजांची स्पोर्टिंग की ओर से गेंदबाज नदीम अंसारी और जुबैर ने 2- 2 विकेट लिए। नौगांव वॉरियर्स का पहला विकेट 39 रन, दूसरा विकेट 71 रन, तीसरा विकेट 85 रन, चौथा विकेट 140 रन पर गिरा। फाइनल मुकाबले में निर्णायक भूमिका में अंपायर प्रशांत नामदेव और शाहिद बजाज ने निभाई। फाइनल मैच में नौगांव वॉरियर्स के सूरज तिवारी को कमेटी की ओर से मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। जबकि मैन ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड खजांची स्पोर्टिंग के नदीम अंसारी को चुना गया। मैच में कॉमेंटेटर की भूमिका में जुगल सचान, डॉक्टर मनोज कुशवाहा, ब्रजेश शेरा सोनकिया, शिवम साहू, फैजल खान, शिवांक रिछारिया, अरशद इकबाल, राजपाल पाल तो स्कोरर की भूमिका यतेंद्र सिंह सेंगर और ताशू सिंह सेंगर, आयुष सक्सेना, अभिषेक पटेरिया ने निभाई।

फाइनल मुकाबले के बाद समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कामाख्या प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक गुड्डन पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी, सीएमओ आरएस अवस्थी सहित अन्य की उपस्थिति में विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पालिका के पार्षद, सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**छात्रावास अधीक्षिका को भारी पड़ी नियमों की अनदेखी**

# आधी रात को छात्रावास में घुसा था पति, अधीक्षिका स्नेहलता शर्मा निलंबित

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के बक्सवाहा स्थित कस्तूरबा गांधी रमसा बालिका उत्कृष्ट छात्रावास में सुरक्षा नियमों को ताक पर रखने वाली अधीक्षक के विरुद्ध प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल छात्रावास में रात्रि के समय अधीक्षक के पति की आवाजाही की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद, जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रावास अधीक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दो-तीन दिनों से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें एक पुरुष को रात के समय बालिका छात्रावास में प्रवेश करते देखा गया था। जिला पंचायत सीईओ नमः शिवायर अरजरिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। जांच में डिजिटल रिकॉर्ड और कैमरों के सत्यापन से यह प्रमाणित हुआ कि अधीक्षिका स्नेहलता शर्मा के पति रात्रि करीब 8:11 बजे छात्रावास परिसर में दाखिल हुए और वहां लगभग 20 से 25 मिनट तक रुके। इतना ही नहीं, कुछ छात्राओं ने जांच दल को बताया कि पूर्व में भी उनकी आवाजाही यहां बनी रहती थी। मामले पर जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने स्पष्ट किया कि राज्य शासन की नीति के अनुसार किसी भी महिला छात्रावास में सूर्यास्त के उपरांत किसी भी पुरुष सदस्य का प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। महिलाओं और बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता और सुरक्षा को देखते हुए यह एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इसी आधार पर लापरवाही बरतने वाली स्नेहलता शर्मा को निलंबित किया गया है। प्रशासन ने निलंबन की कार्रवाई के साथ ही छात्राओं की देखरेख के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। कस्तूरबा गांधी छात्रावास की जिम्मेदारी अब तात्कालिक रूप से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका कुमारी हिना खान को सौंपी गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि छात्राओं की सुरक्षा और अनुशासन के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी किसी भी चूक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




### दिसम्बर माह में एनसीएल से सेवानिवृत्त हुए 63 कर्मीयों के सम्मान में आयोजित हुए अभिनंदन समारोह

**सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से दिसम्बर माह के आखिरी दिन कुल 63अधिकारी एवं कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें से एनसीएल मुख्यालय से 01 कर्मी का सेवानिवृत्त होना शामिल है। कर्मियों के सम्मान में इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे रमेश बाल्मीकी, कक्ष सहायक, केन्द्रीय चिकित्सालय का अभिनंदन किया गया। एनएसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक(तकनीकी/संचालन) सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना)

**आशुतोष द्विवेदी, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।**

इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को एनसीएल की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद दिया तथा उनके उज्ज्वल, सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह के अंत में सेवानिवृत्त कर्मियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए।

### एनसीएल में महिला खेलकूद प्रतियोगिता 'निरामया 2.0' का हुआ उत्साहपूर्ण समापन

**सिंगरौली। एनसीएल में दो दिवसीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 'निरामया 2.0' का मंगलवार को सिंगरौली स्टेडियम में हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, ऊर्जा एवं अनुशासन का परिचय दिया।**



निरामया 2.0' के अंतर्गत बैडमिंटन, कैरम, लूडो, 50 मीटर दौड़, कबड्डी, रिले रेस, रस्साकशी, शॉटपुट, बैलेंस द ग्लास जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में देश की प्रमुख एथलीट के नामों पर गठित पाँच टीमों 'अंजू बॉबी जॉर्ज', 'पी. वी. सिंधु', 'के. एम. बीना मोल', 'हीमा दास', 'पी. टी. उषा' के लगभग 45 प्रतिभागीयों ने भाग लिया था।

टीम 'अंजू बॉबी जॉर्ज' ने विभिन्न स्पर्धाओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 44 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि टीम 'पी.वी. सिंधु' ने 27 अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया व टीम 'के. एम. बीना मोल' ने 25 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्योत्सना महिला मंडल की पदाधिकारीगण एवं सदस्याओं ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे आयोजनों को महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

महिला खेलकूद प्रतियोगिता 'निरामया 2.0' ने एनसीएल परिवार की महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया तथा संगठन में सकारात्मक ऊर्जा एवं सामूहिक सहभागिता को और मजबूत किया।

### कलेक्टर एवं एसपी ने संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का लिया जायज़ा

**सिंगरौली** 31 दिसंबर 2025 / राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन अनुसार नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 34 में उपनिर्वाचन का मतदान दिनांक 01.01.2026 को प्रातः 7:00 से प्रारंभ होगा। मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

गौरव बैनल पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का भ्रमण किया जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एवं सम्बन्धित अधिकारियों को सुचारू रुप से निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन



अधिकारी संजीव पांडे उपस्थित रहे।

**In The DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR**
(Jurisdiction- Madhya Pradesh & Chatisgarh)
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building),
Near Head Post Office Residency Road, South Civil Lines, Jabalpur MP - 482001
**Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993**

**Original Aplication No 1467 OF 2024**

**Union Bank of India — Applicant**
**Versus**
**M/s NISHKARSH TRADERS & ANR — RESPONDENTS**

**1. M/s Nishkarsh Traders Prop. Neeraj Nigam**
**R/o** Bandha Pachour, Sarai Singrauli, Deosar (M.P.) 486881 House No.73/3, Ward No.14, Vill.- Akouri, The.- Deosar, Jiyawan, Singrauli, Jiawan, (M.P.) 486881.
**2 Neeraj Nigam R/o** Bandha Pachour, Sarai Singrauli, Deosar (M.P.) 486881 House No.73/3, Ward No.14, Vill.- Akouri, Teh.-Deosar, Jiyawan, Singrauli, Jiawan, (M.P.) 486881

Whereas **OA No. 1467 of 2024** was listed before the Hon'ble Presiding Officer on **03/01/2025**.

Whereas, this Hon'ble Tribunal pleased to issue summons/notice on the said application under section 19 (4) of the Act (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs 27,28,076.80** Plus Interest at Contractual rates, penal interest & charges.

In accordance with the sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the Defendants are directed as under:-

**I.** To show cause within 30 days of the service of the summons as to why relief prayed for should not be granted.

**ii.** To disclose particulars of properties for assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3-A of the original application.

**iii.** You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties under serial number 3A of the original application pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.

**iv.** You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of business any of the assets under which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal.

**v.** You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with bank holding security interests over such assets.

**vi.** You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before the Hon'ble Tribunal at Jabalpur on **02.02.2026** at **10:30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and seal of the tribunal this **15th day of November, 2025.**

**Authorised Officer**
**Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**

## खबर संक्षेप

### मां जालपा मंदिर में भजन संध्या आज

**कटनी**। मां जालपा मंदिर में नए वर्ष की पूर्व संध्या पर आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज 31 दिसंबर को जालपा धाम में "एक शाम मां जालपा के नाम" भव्य भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। भक्तिमय होगा नए साल का स्वागतकार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रधान पुजारी लालजी पंडा ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ रात्रि 8 बजे से होगा। इस दौरान बजरंग बाल रामायण समाज के कलाकारों द्वारा रामायण पाठ की प्रस्तुति दी जाएगी, तत्पश्चात भक्तिमय भजनों की श्रृंखला देर रात तक चलेगी। जालपा भगत समाज के सदस्यों का कहना है कि नए वर्ष की शुरुआत मां के आशीर्वाद और सामूहिक संकीर्तन के साथ करने की परंपरा को इस वर्ष भी भव्य रूप दिया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### ओवरलोड परिवहन पर 64 हजार रूपए का जुर्माना

**कटनी**। ओवरलोड परिवहन पर ट्रक चालक के विरूद्ध न्यायालय ने 64 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। ओवरलोडिंग एवं नियम विरुद्ध तरीके से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है लेकिन पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गत 27 दिसंबर को चैकिंग के दौरान ट्रक क्रमांक MP 19 HA 1920 का चालक सत्यकुमार पिता लक्ष्मण कुशवाहा मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक माल लोड कर परिवहन करते पाया गया। उक्त वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय की कार्यवाही की गई थी। 29 दिसंबर को उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय पेश करने पर माननीय न्यायालय द्वारा वाहन चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध कुल 64 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### संचार संकर्म समिति की बैठक 7 जनवरी को

**कटनी**। संचार संकर्म समिति की बैठक का आयोजन 7 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल विकास निगम, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 2 वर्ष में कराये गये निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। संचार संकर्म समिति के सचिव ने बैठक मे सभापति अजय कुमार गौटिया सहित सदस्य संचार संकर्म समिति जिला कटनी सर्व श्रीमती शीला सिंह, सुश्री माला मौसी, श्रीमती कविता पंकज राय के साथ-साथ सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौजूद रहने का आग्रह किया है।

### गंदगी फैलाने पर 2900 रुपये का स्पॉट फाइन

**कटनी**। नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा जोनवार स्वच्छता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के विभिन्न जोनों में चलाए गए अभियान में निरीक्षण के दौरान स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2 हजार 900 रूपये की स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सोमवार को जोनवार चलाए गए अभियान के दौरान जोन क्रमांक 2 बस स्टैंड, जोन क्रमांक 3 माई नदी से दुबे कॉलोनी तक तथा जोन क्रमांक 4 माधवनगर बाजार क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा निर्धारित स्थान पर न डालने तथा स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वाले व्यक्तियों एवं दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 2 हजार 900 रुपये का स्पॉट फाइन वसूल किया गया।

## भैरवनाथ मंदिर को मिला भव्य दिव्य स्वरूप मंदिर परिसर को बनाया गया है आकर्षक
## उप मुख्यमंत्री ने रूद्राभिषेक कर मंदिर परिसर में पीपल के वृक्ष का किया रोपण

रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से गुढ़ के समीप स्थित भैरवनाथ मंदिर को भव्य दिव्य स्वरूप मिला है। भैरवनाथ मंदिर परिसर को आकर्षक और बेहतरीन बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। सभी कार्य पूर्ण हो जाने पर भैरवनाथ लोक का पूर्ण विकसित व सुंदर स्वरूप होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भैरवनाथ मंदिर में भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना की तथा रूद्राभिषेक किया। उन्होंने भैरवनाथ की पूजा भी की। प्रयागराज के वैदिक आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान गुढ़ विधायक श्री नागेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने गुढ़ विधायक के साथ पीपल के पौधे लगाये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भैरवनाथ लोक का लोकार्पण जनवरी माह के अंत में मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह के संकल्प की पूर्ति हो रही है और






भैरवनाथ लोक अपने दिव्य व भव्य स्वरूप में सामने है। शुक्ल ने कहा कि इस धार्मिक स्थल को आकर्षक बनाने के प्रयास किये गये हैं। ग्यारह सौ वर्ष पुरानी आस्था को नया स्वरूप मिला है। यह स्थल धार्मिक स्थल के साथ ही पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित होगा। श्रृद्धालुओं के लिये धर्मशाला व अन्य सुविधायें भी उपलब्ध रहेंगी। भैरवनाथ मंदिर के पहाड़ी में पीपल के 100 पौधे लगाये जा रहे हैं। पीपल आक्सीजन का सबसे बड़ा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि पीपल का धार्मिक महत्व भी है। भगवान कृष्ण ने कहा था कि वृक्षों में मैं पीपल हूँ अतः यह सबसे पूज्य वृक्ष भी है। शुक्ल ने कहा कि इससे पूर्ण परिसर को आकर्षक व हरीतिमायुक्त बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, राजगोपाल चारी सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत जन व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रीवा जिले में 22697 परिवारों को मंजूर हुए पक्के आवास

रीवा।

रीवा जिले में ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 22697 परिवारों को पक्के आवास निर्माण की राशि जारी की गई। इनमें से 6192 आवासों का निर्माण पूरा हो गया है, जिनमें पात्र परिवार निवास कर रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के 1378 कार्य कराए गए। इसके साथ-साथ 45 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूरा किया गया। इस वर्ष अच्छी वर्षा के कारण इन सभी तालाबों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है। पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए एक बगिया माँ के नाम योजना के तहत 555 स्थानों पर वृक्षारोपण कराकर बगीचों का निर्माण कराया जा रहा है। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 101 गौशालाएं संचालित हैं इनमें बड़ी संख्या में निराश्रित और बीमार गौवंश को आश्रय दिया गया है। जिले में ग्रामीण आजीविका परियोजना के तहत 81881 महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर आजीविका से जोड़ा गया है। आजीविका मिशन के तहत 9355 महिला स्वसहायता समूहों को बैंकों के माध्यम से 200 करोड़ 98 लाख रुपए के ऋण का वितरण किया गया है। इसके माध्यम से महिलाएं बकरी पालन, अगरबत्ती निर्माण, पापड़ बड़ी बनाने, रेडीमेड कपड़े का निर्माण, डेयरी उद्योग, सब्जी उत्पादन, मसालों की खेती, फलोद्यान, किराना दुकान जैसे छोटे-छोटे व्यवसाय संचालित करके आर्थिक विकास कर रही हैं।

## खाद बीज के गोदाम में लाखों की चोरी, चार कमरों का टूटा ताला, 4 लाख से अधिक का माल गायब शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई घटना



**रीवा**। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खाद बीज के गोदाम में चोरों ने धावा बोलते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। गोदाम मालिक की माने तो चोरों ने गोदाम के चार कमरों का ताला तोड़कर तकरीबन 4 लाख से अधिक कीमती खाद बीज सहित दवा और कृषि संबंधित अन्य सामान पार कर दिया है। घटना शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र बैजू धर्मशाला के समीप संचालित खाद बीज के गोदाम में बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात हुई है। सुबह घटना की जानकारी होने के बाद गोदाम मालिक ने घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी है जहां पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद चोरों की पताशाजी शुरू कर दी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सुरेश पटेल द्वारा सुरेश बीज भंडार नाम से दुकान संचालित करते हैं, जिनका गोदाम जय स्तंभ के समीप बैजू धर्मशाला के सामने स्थित है। पीड़ित सुरेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके गोदाम में धावा बोलते हुए खाद और बीच के साथ-साथ खेती में उपयोग किए जाने वाले दवा सहित करीब 4 लाख का सामान पार कर दिया है। सुबह घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित जब गोदाम पहुंचा तो गोदाम के चार कमरों का ताला टूटा हुआ था पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद चोरों की पातासाजी शुरू कर दी है, वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज से भी चोरों की पहचान कर पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### नए साल के स्वागत को तैयार मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी,
## 20 हजार से अधिक पर्यटकों के आने की उम्मीद, टिकट काउंटर के साथ-साथ एंट्री और एग्जिट गेट की संख्या बढ़ाई गई, सुरक्षा के भी बेहतर इंतजाम

**रीवा**। नए साल का आगाज इस बार प्रकृति और वन्य प्राणियों के बीच करने के इच्छुक पर्यटकों के लिए विंध्य क्षेत्र का प्रमुख पर्यटन केंद्र महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी पूरी तरह तैयार है। विश्व की इकलौती व्हाइट टाइगर के लिए समर्पित इस सफारी में नववर्ष के अवसर पर करीब 20 हजार से अधिक पर्यटकों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसे देखते हुए सफारी प्रशासन ने व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारी की है और पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सफारी प्रशासन के अनुसार, बढ़ती भीड़ को सुचारू और सुरक्षित तरीके से नियंत्रित करने के लिए टिकट काउंटरों की संख्या बढ़ाकर 8 कर दी गई है। इसके साथ ही पर्यटकों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए एंट्री और एग्जिट गेटों की संख्या भी बढ़ाई गई है। सफारी परिसर में जगह-जगह बैरिकेडिंग की जा रही है, ताकि अव्यवस्था न हो और पर्यटक तय मार्गों से




ही आवागमन कर सकें।सफारी के डायरेक्टर रामेश्वरम टीकम ने बताया कि पर्यटकों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा गाड्‌र्स की तैनाती की गई है। आसपास के वन मंडलों के वनरक्षकों के साथ-साथ पुलिस बल का भी सहयोग लिया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी रहे और किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर से ही सफारी में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। जबलपुर, प्रयागराज, वाराणसी सहित आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक परिवार सहित मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी पहुंच रहे हैं। पिछले वर्ष नए साल के अवसर पर करीब 18 हजार पर्यटकों ने सफारी का भ्रमण किया था, जबकि इस बार यह आंकड़ा और अधिक होने की उम्मीद है। प्रशासन का कहना है कि सभी व्यवस्थाएं इस तरह की गई हैं, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुरक्षित माहौल में सफारी का आनंद ले सकें। कुल मिलाकर, अगर कोई नए साल का स्वागत प्रकृति की गोद में और दुर्लभ वन्य प्राणियों के सान्निध्य में करना चाहता है, तो मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी इसके लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रही है।

# रीवा ने 2025 में भरी विकास की उड़ान - मिली कई उपलब्धियाँ

रीवा

रीवा संभाग और रीवा जिले के लिए 2025 कई उपलब्धियों के लिए याद किया जाएगा। रीवा में जनवरी और फरवरी का महीना प्रयागराज महाकुंभ की चुनौती लेकर आया। सड़कों पर असंख्य वाहनों को व्यवस्थित करने और हजारों तीर्थयात्रियों को सहायता पहुंचाने के लिए प्रशासन ने एड़ी-चोटी का जोर लगाया। बेला से लेकर चाकघाट तक कई बार वाहनों का महाजाम लगा। प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी के साथ इन कठिन परिस्थितियों में तीर्थयात्रियों की सेवा की तथा व्यवस्थाएं बहाल कराई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा प्रशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रीवा में 22 अक्टूबर 2024 को रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण होने के साथ छोटे विमानों का संचालन शुरू हुआ। रीवा से जबलपुर, भोपाल, सिंगरौली और खजुराहो के लिए विमान सेवाएं शुरू हुईं। रीवा के लिए 2025 दिल्ली और भोपाल के लिए 72 सीटर विमानों की सौगात लेकर आया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 10 नवम्बर को वर्चुअल माध्यम से रीवा से दिल्ली 72 सीटर हवाई सेवा का शुभारंभ किया। इसमें आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रीवा जिले के साथ-साथ सतना, सीधी, सिंगरौली, कटनी, मऊगंज और प्रयागराज के भी यात्री इसका उपयोग कर रहे हैं। रीवा एयरपोर्ट से 22 दिसम्बर को इंदौर के लिए 72 सीटर विमान की सेवा शुरू हुई। यह






सेवा प्रतिदिन है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इसका शुभांरभ किया। बड़ी संख्या में लोग इस विमान सेवा का उपयोग करके उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन को जा रहे हैं। इन विमान सेवाओं के शुरू होने से विन्ध्य में पर्यटन, शिक्षा, उद्योग तथा चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से विकास के अवसर बढ़ेंगे। रीवा को इस साल कई बड़े निर्माण कार्यों की सौगात मिली। बीहर नदी में बनाए जा रहे रिवर फ्रंट के बाएं किनारे का लोकार्पण किया गया। शहर के मध्य में कई एकड़ में फैले अटल पार्क की सौगात नगरवासियों को मिली। सुबह-शाम की सैर करने वालों के लिए यह बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 4 मई को तीन खण्डों में निर्मित नवीन जिला न्यायालय भवन का लोकार्पण किया। इसमें न्यायाधीशों, पक्षकारों तथा वकीलों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसी दिन मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राजनिवास सर्किट परिसर में इंडो-यूरोपियन शैली में बनाए गए 10 कक्षों के नए सर्किट हाउस भवन का भी लोकार्पण किया। इसी साल जिला अस्पताल में नवीन ओपीडी भवन तथा तीन विद्युत सब स्टेशनों की भी सौगात मिली। रीवा से गुजरने वाली ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन के निर्माण कार्यों में तेजी आई। इस वर्ष रीवा से सीधी जिले में रामपुर नैकिन तक ट्रेन दौड़ी। रामपुर नैकिन से चुरहट तक का निर्माण कार्य भी एक माह में पूरा हो जाएगा। सतना से पन्ना की ओर भी नागौद तक रेलवे लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है।

इस वर्ष 27 जनवरी को चित्रकूट में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगमन हुआ। केन्द्रीय गृहमंत्री ने नानाजी देशमुख को श्रद्धासुमन अर्पित किए। साल के अंत में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसम्बर को केन्द्रीय गृहमंत्री का रीवा जिले के बसामन मामा गौ अभ्यारण्य आगमन हुआ। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह तथा मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के माडल का शुभारंभ किया। इस वर्ष प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए गए। जिले में पाँच हजार से अधिक किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया। इस वर्ष 31 अक्टूबर को रीवा में सैनिक स्कूल में नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी तथा थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंच साझा किया। दोनों सेनाध्यक्ष सैनिक स्कूल रीवा के पुरा छात्र हैं। संयोगवश दोनों वर्तमान में जल और थल सेना की कमान संभाल रहे हैं। यह विन्ध्य के लिए बहुत बड़ा गौरव है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में शामिल होने के लिए सात नवम्बर को रीवा पधारे।

इस साल रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को कई आधुनिक मशीनें मिलीं। यहाँ हृदय रोग और अन्य रोगों के कई जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। संजय गांधी हास्पिटल के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 321 करोड़ 94 लाख रुपए के कार्य शुरू हुए। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। रीवा में 26 और 27 जुलाई को पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इसमें पर्यटन के क्षेत्र में 3001 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव मिले। प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक गतिशील बनाने के लिए ई आफिस व्यवस्था इस वर्ष लागू की गई।

## बसामन मामा गौअभ्यारण्य में एक जनवरी को होगा गोलोक दर्शन महोत्सव, उप मुख्यमंत्री आज बसामन मामा गौअभ्यारण्य में करेंगे गोलोक दर्शन महोत्सव का शुभारंभ

**रीवा**। बसामन मामा गौअभ्यारण्य में हजारों बेसहारा गौवंश को आश्रय दिया जा रहा है इसके साथ-साथ वहां प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के कई माडल विकसित किये जा रहे हैं। बसामन मामा गौअभ्यारण्य में एक जनवरी को गोलोक दर्शन महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गोलोक दर्शन महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में गौअभ्यारण्य प्रबंधन समिति के सचिव सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा है कि बसामन मामा तीर्थ के समीप ही गौअभ्यारण्य स्थित है। इसमें एक जनवरी को आयोजित गोलोक दर्शन में आमजनता गौशाला का भ्रमण करते हुए गायों का पूजन कर सकती है। इसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती के लिए किये जा रहे विभिन्न प्रयोगों का देखने का भी अवसर आमजनता को मिलेगा। गौअभ्यारण्य में परंपरागत रसोइ की तरह भोजन गृह का निर्माण किया गया है। इसमें देशी प्रद्धति से निर्मित परंपरागत भोजन का आनंद भी आमजनता ले सकती है। भोजन शाला का संचालन गौफार्मा किसान संगठन द्वारा किया जा रहा है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि बसामन मामा में तैयार किये जा रहे प्राकृतिक के माडल में परंपरागत बीजों से अनाज की खेती की जा रही है। इनमें किसी भी तरह के रासायनिक, कीटनाशक और रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया जाता है। गोबर और गोमूत्र से तैयार खाद और जैविक कीटनाशकों का ही फसलों में उपयोग किया जाता है। गाय में 33 कोटि देवताओं का वास माना गया है। नये वर्ष के अवसर पर गौसेवा की प्राचीन परंपरा का अनुशरण करते हुए आमजनता को गौसेवा और प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए गोलोक दर्शन महोत्सव आयोजित किया गया है।

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग की 2025 में ऐतिहासिक उपलब्धियां 13 हजार से अधिक सफल एंजियोप्लास्टी कर बनाया रिकॉर्ड

**रीवा**। सुपर स्पेशालिटी अस्पताल, रीवा के कार्डियोलॉजी विभाग ने वर्ष 2025 में हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय और ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की हैं। विभाग ने मध्य प्रदेश राज्य में सर्वाधिक कोरोनरी एंजियोप्लास्टी प्रक्रियाएं पूरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक कुल 13,000 से अधिक कोरोनरी एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं, जिससे विंध्य क्षेत्र सहित आसपास के जिलों के हजारों मरीजों को नया जीवन मिला है। विभाग द्वारा लेफ्ट मेन इंटरवेंशन, बिफर्केशन एंजियोप्लास्टी तथा सीटीओ (क्रॉनिक टोटल ऑक्लूजन) इंटरवेंशन जैसी अत्यंत जटिल प्रक्रियाओं को बड़ी संख्या में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सर्वाधिक लीडलेस पेसमेकर इंप्लांटेशन का श्रेय इसी विभाग को प्राप्त हुआ है।




यह दोनों उन्नत प्रक्रियाएं प्रोफेसर डॉ. एस.के. त्रिपाठी द्वारा सफलतापूर्वक की गईं। इसके साथ ही डॉ. त्रिपाठी ने प्रदेश में सर्वाधिक सीआरटीडी एआईसीडी तथा कंडक्शन सिस्टम पेसिंग प्रक्रियाएं कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की।हृदय रोग की जटिल अवस्था हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी से पीड़ित मरीज में अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन जैसी दुर्लभ और अत्याधुनिक प्रक्रिया को डॉ. वी.डी. त्रिपाठी एवं डॉ. अविनेश द्वारा सफलतापूर्वक किया गया, जो विभाग की उच्च स्तरीय विशेषज्ञता को दर्शाता है। इसके अलावा, डॉ. एस.के. त्रिपाठी एवं डॉ. सुरेंद्र तिवारी द्वारा हृदय में बड़े छेद (एएसडी) की डिवाइस क्लोजर प्रक्रिया को भी सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिसे कार्डियोलॉजी विभाग की एक और बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।इन सभी सफलताओं के पीछे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का निरंतर सहयोग, डीन सुनील अग्रवाल का मार्गदर्शन तथा विभागाध्यक्ष डॉ. वी.डी. त्रिपाठी का नेतृत्व प्रमुख रहा है।कार्डियोलॉजी विभाग ने इन उपलब्धियों के लिए सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी कर्मियों एवं सहयोगी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## मऊगंज विधायक और कलेक्टर ने बैलौही जलप्रपात का किया भ्रमण

### बैलौही जलप्रपात का पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकास

**मऊगंज**। जिले में स्थित बैलौही जलप्रपात का गत दिवस विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, कलेक्टर संजय कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने भ्रमण किया। विधायक ने कहा कि बैलौही तथा आसपास सुंदर प्राकृतिक स्थल हैं। यहाँ पर्यटन के विकास की अच्छी संभावना है। बैलौही तक जाने के लिए सुगम सड़क तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो जाने पर यहाँ पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। कलेक्टर ने बैलौही तथा आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए



अधोसंरचना विकास के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय विधायक तथा कलेक्टर ने बिरसामुण्डा ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। स्थानीय निवासी श्री संतोष पटेल द्वारा विकास कार्यों के लिए बिरसा मुण्डा ट्रस्ट को एक एकड़ भूमि दान में दी गई है। इसके बाद विधायक और कलेक्टर ने ग्राम हर्दिहा में गोरमा सिंचाई बांध की नहर और पुल का निरीक्षण किया। विधायक और कलेक्टर ने ग्रामवासियों से संवाद किया। भ्रमण के समय विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा आमजन उपस्थित रहे।

## आद्योगिक क्षेत्र घूमा में 24 प्लाटों का आवंटन आदेश जारी

**रीवा**। *जिले की त्योंथर तहसील में उत्तरप्रदेश राज्य की सीमा पर स्थित घूमा-कटरा में औद्योगिक विकास केन्द्र का विकास किया जा रहा है। इसमें औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। औद्योगिक केन्द्र में कुल 52 प्लाट विकसित किए गए हैं। इनमें से ऑनलाइन आवेदन के आधार पर 24 प्लाटों का आवंटन कर दिया गया है। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने इस संबंध में बताया कि शेष प्लाटों के आवंटन के लिए 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। घूमा औद्योगिक क्षेत्र में उत्तरप्रदेश के कई उद्योगपतियों ने औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए निवेश किया है। श्री तिवारी ने बताया कि इस वर्ष प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में 7299 परंपरागत शिल्पियों को प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से 3244 को उनके व्यवसाय से जुड़े टूल किट भी प्रदान किए गए हैं। जिले में गत वर्ष रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव तथा इस वर्ष जुलाई माह में पर्यटन कॉन्क्लेव के आयोजन से औद्योगिक विकास को गति मिली है। एयरपोर्ट से एटीआर 72 विमान सेवाओं के शुरू होने से पर्यटन उद्योग का तेजी से विकास होगा।*